कार्यालय : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर, अलीगंज, लखनऊ

संख्याः 6250 /UPSDM/2014-15/IT-MIS/Biomatric/252

दिनांक–25 सितम्बर, 2020

कार्यालय–ज्ञाप

विषय– दिनांक–01 जनवरी, 2020 से 20 मार्च, 2020 के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणरत समस्त बैचों के बायामैट्रिक उपस्थिति की सी0एस0वी0 फाइल पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से आबद्व समस्त प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा उत्तर प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्य किया जाता है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणरत समस्त बैचों के प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति की सी0एस0वी0 फाइल प्रतिदिन मिशन पोर्टल पर अपलोड की जाती है। परन्तु मिशन पोर्टल के डेवलपमेन्ट का कार्य होने के कारण दिनांक–01 जनवरी, 2020 से 20 मार्च, 2020 के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालित समस्त बैचों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति की सी0एस0वी0 फाइल मिशन पोर्टल पर अपलोड नहीं की जा सकी।

तत्क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पोर्टल पर बायोमैट्रिक उपस्थिति की सी0एस0वी0 फाइल अपलोड किये जाने वाला मॉड्यूल विकसित किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पोर्टल पर बायोमैट्रिक उपस्थिति की सी0एस0वी0 फाइल को प्रशिक्षण प्रदाता के अनुमोदित प्रशिक्षण केन्द्र (जिस पर बैच संचालित किये गये है/किये जा रहे हैं) के लॉगिन से ही अपलोड किये जाने का प्राविधान किया गया है।

अतः उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से आबद्व समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया जाता है कि उनके समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर दिनांक–01 जनवरी, 2020 से 20 मार्च, 2020 के दौरान संचालित किये गये समस्त बैचों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति की सी0एस0वी0 फाइल मिशन पोर्टल पर दिनांक–23 अक्टूबर, 2020 तक अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। दिनांक–31 अक्टूबर, 2020 के उपरान्त उक्त व्यवस्था प्रभावी नहीं रहेगी।

25/9/2020

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

पत्रांक /UPSDM/2014-15/IT-MIS/Biomatric/252 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, उ0प्र0।
2. समस्त जिला समन्वयक, उ0प्र0कौ0वि0मि0, डी0पी0एम0यू0, उ0प्र0।
3. समस्त प्रकोष्ठ, उ0प्र0कौ0वि0मि0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक